__/__/____

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date- 18.11.24 Class - VI
Subject - Hindi Literature Page-1
Subject - Hindi Teacher- Ms. Roma Rani

पुस्तक - नवतरंग भाग-6
पाठ - 'लंका की यात्रा'
लेखक - डॉ. राजेंद्र प्रसाद

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ-12 कक्षा छठी की हिन्दी साहित्य का है। यह पाठ आपको 22 नवंबर, 2021 को भेजा जाएगा। बच्चो ! आज हम इस पाठ में डा॰ राजेंद्र प्रसाद जी दुवारा लिखी उनकी लंका की यात्रा के बारे में पढ़ेंगे। यह पाठ उनकी आत्मकथा से लिया गया एक अंश है। इसमें उन्होंने अपनी श्री लंका की यात्रा का वर्णन किया है।

बच्चो। श्रीलंका भारत के दक्षिण में स्थित है। यह हिन्द महासागर के उत्तरी भाग में स्थित है। यह एक द्वीपीय देश है। बच्चो, आप भारत के नक्शे को ध्यान से देखना तो आप इसके सबसे नीचे श्रीलंका देखोगे।

बच्चो ! मैं आपको पाठ समझाने से पहले इसमें आए कुछ कठिन शब्द समझाऊँगी।

शब्दार्थ :- तीर्थाटन - तीर्थ के लिए जाना
तीर्थ - धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व वाले स्थान को कहते हैं।
मद्रास - चेन्नई का पूर्व नाम ( यह तमिलनाडु की राजधानी है।

Scanned with CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

Date- 18.11.24 Class- VI
Subject - Hindi Literature Page-2
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

रामेश्वरम - रामेश्वरम् तमिलनाडु में स्थित भगवान शिव का एक विशाल मंदिर है।

बाजाब्ता - नियमापूर्वक

प्यारे बच्चो ! इस पाठ में डॉ. राजेंद्र प्रसाद लिख रहे हैं कि उनके परिवार की सभी स्त्रियाँ मद्रास से रामेश्वरम तीर्थ करने जाना चाहती थी। उन्होंने रामेश्वम में शिव मंदिर के दर्शन किए उसके बाद वह श्रीलंका चले गए। श्रीलंका में उनके एक मित्र दामोदर दास जी रहते थे। जिससे उनको श्रीलंका जाने में सुविधा लग रही थी। बच्चो डॉ॰ राजेंद्र प्रसाद के मित्र दामोदर दास ने वहाँ पर बौद्ध धर्म को अपना लिया था। श्रीलंका पहुँचने पर दामोदर दास जी ने ही उनके घूमने फिरने का इंतज़ाम कर दिया था। श्रीलंका के पर्वतीय नज़ारों ने उनका मन पूरी तरह से मोहित कर दिया था। वह लोग वहा पर नूरएलिया और सीताएलिया के पहाड़ भी घूमने गए। बच्चो ! सीताएलिया वही जगह है जहाँ पर रावण ने श्री जानकी जी कैद करके रखा था। सीताएलिया, नूरएलिया से कुछ दूर है। नूरएलिया पहाड़ की चोटी है और सीताएलिया पहाड़ के नीचे है। इसके चारों ओर पहाड़ ऐसा मालूम होता है कि प्रकृति ने मानो एक कटोरा बना दिया है, जिसकी दीवारें पहाड़ की हैं और जिसके पेंदे में एक छोटा-सा झरना है; वहीं एक छोटा-सा मंदिर है जहाँ श्रीजानकी जी कैद की थीं। पहाड़ के चारों ओर रक्ताशोक का जंगल है। बच्चो ! श्रीलंका एक टापू है जो अपनी खूबसूरती और हरियाली के लिए प्रसिद्ध है।

Scanned with CamScanner
Scanned with OKEN Scanner

Date- 18.11.24 Class - VI
Subject- Hindi Literature Page- 3
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

टापू का अर्थ है - जमीन का वह भाग जो चारों ओर से जल से घिरा हो।

बच्चो! आज हम यहीं तक पाठ पढ़ेंगे। अब मैं आपसे अभ्यास के लिए कुछ प्रश्न पूछूँगी, जिनके उत्तर आप अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न-1. श्रीलंका में लेखक की किसने सहायता की?

प्रश्न-2. रावण ने श्री जानकी जी को कहाँ कैद करके रखा था?

प्रश्न-3. सीताएलिया कहाँ पर है?

प्रश्न-4. पहाड़ से उतरते समय उन्होंने कौन से जंगल देखे?

बच्चो! अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर-1. श्रीलंका में लेखक की सहायता श्रीदामोदर दास जी ने की।

उत्तर-2. रावण ने श्रीजानकी जी को अशोक वाटिका में कैद करके रखा था।

उत्तर-3. सीताएलिया पहाड़ के नीचे है।

उत्तर-4. रक्ताशोक के जंगल

गृहकार्य

:- बच्चो! आप इस पाठ के पृष्ठ - 97 पर आए शब्द अर्थ अपनी हिन्दी साहित्य की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे एवं याद करेंगे।

धन्यवाद!

Last page.

Scanned with CamScanner
Scanned with OKEN Scanner